गेल (इंडिया) लिमिटेड

India's Natural GAS Leader

# 35वीं वार्षिक आम बैठक
# 35th Annual General Meeting

# अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का वक्तव्य
# Address of Chairman & Managing Director

20 अगस्त, 2019

20th August, 2019



**ENERGIZING POSSIBILITIES**

**एनर्जाइज़िंग पॉसिबिलिटीज़**





डॉ. आशुतोष कर्नाटक
अध्यक्ष एवं प्रबंधक निदेशक

# गेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का एजीएम भाषण

*प्रिय शेयरधारकों,*

देवियों और सज्जनों!

सुप्रभात!

गेल की 35वीं वार्षिक आम बैठक में आपका स्वागत करते हुए मुझे अपार प्रसन्नता हो रही है। आज आपकी उपस्थिति आपकी कंपनी की प्रगति पर निगाह रखने में आपकी गहरी रुचि को दर्शाती है।

31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी के वार्षिक लेखों सहित वार्षिक रिपोर्ट पहले ही आपको पारिचालित कर दी गई थी। आपकी अनुमति से मैं समझता हूं कि आपने इसे पढ़ लिया है।

ऊर्जा क्षेत्र के अग्रणी के रूप में विकास और पर्यावरण को संतुलित करते हुए स्वच्छ ऊर्जा अर्थव्यवस्था के विकास और पर्यावरण के विस्तार की दिशा में गेल का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। अब मैं इस अवसर पर वर्ष 2018-19 में आपकी कंपनी की उपलब्धियों पर प्रकाश डालूंगा।

## उत्कृष्ट निष्पादन का वर्ष

बड़े गर्व के साथ, मुझे आपके साथ साझा करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि आपकी कंपनी ने वित्त वर्ष 2018-19 में अपने इतिहास का अब तक का सर्वाधिक कारोबार और कर पश्चात् लाभ (पीएटी) अर्जित किया है। कारोबार और पीएटी पिछले वित्तीय वर्ष में क्रमशः 39% और 30% बढ़ा है।

इसके अलावा, प्रति शेयर आय (ईपीएस) में 30.5% की वृद्धि दर्ज हुई है और निवल मूल्य रु. 39,062 करोड़ की वृद्धि ने पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 11% से अधिक की वृद्धि दर्शाई।

आपकी कंपनी ने व्यावसायिक खंडों में भौतिक मात्रा में महत्वपूर्ण लाभ अर्जित किए हैं। प्राकृतिक गैस व्यापार वर्टिकल में 96.93 एमएमएससीएमडी विपणन मात्रा में 14% की वृद्धि के साथ 107.43 एमएमएससीएमडी तथा प्राकृतिक गैस संचरण में 2% की वृद्धि दर्ज की, पेट्रोकेमिकल ने 735 केटीए और पॉलीमर की बिक्री के साथ 9% की भौतिक मात्रा में औसत विस्तार दिखाई दिया। पिछले वित्त वर्ष की तुलना में तरल हाईड्रोकार्बन की मात्रा में 4% की वृद्धि हुई है। एलपीजी ट्रांसमिशन खंड में, जामनगर–लोनी और वैजाग–सिकंदराबाद नेटवर्क के थ्रूपुट में पिछले वर्ष की तुलना में 3.7 एमएमटीपीए से कुल 3.97 एमएमटीपीए में सुधार हुआ। कुल तरल हाईड्रोकार्बन उत्पादन लगभग 1.32 मिलियन टन था, जिसमें से लगभग 90% हिस्सा एलपीजी और प्रोपेन का है।

आपको यह जानकर प्रसन्नता होगी कि लोक उद्यम विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए आपकी कंपनी के कार्यनिष्पादन को "उत्कृष्ट" एमओयू मूल्यांकन रेटिंग दी गई है। अनुमान के अनुसार हम पिछले वर्ष के लिए भी पुनः उसी रेटिंग की उम्मीद करते हैं। घरेलू बाजार में, आपकी कंपनी को आईसीआरए, सीएआरई तथा इंडिया रेटिंग द्वारा सर्वोच्च क्रेडिट रेटिंग AAA दी गई है।




**डॉ. आशुतोष कर्नाटक, सीएमडी एवं निदेशक (परियोजना) (दाएं से दूसरे), (बाएं से दाएं) श्री ए के तिवारी, निदेशक (वित्त), श्री गजेन्द्र सिंह, निदेशक (विपणन), श्री बीसी त्रिपाठी, पूर्व सीएमडी, श्री मनोज जैन, निदेशक (व्यापार विकास) के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में 2018–19 के दौरान कंपनी के वार्षिक वित्तीय परिणाम की घोषणा करते हुए।**

## आधारभूत संरचना का विस्तार

प्रमुख मिडस्ट्रीम प्लेयर होने के नाते गेल देश की प्राकृतिक गैस आधारभूत संरचना का मेरुदंड तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि सभी क्षेत्रों में इस सरल सहज ईंधन को पहुंचाया जा सके। वर्तमान में आपकी कंपनी 5700 किलोमीटर से अधिक की प्रमुख परियोजनाओं के निष्पादन के जरिए प्राकृतिक गैस पाइपलाइन नेटवर्क का विस्तार कर रही है। वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान वाराणसी–दोभी–पटना/बरौनी, औरैया–फूलपुर तथा अन्य लास्ट माइल कनेक्टिविटी के 1050 किलोमीटर पाइपलाइन परियोजनाओं को पूरा किया गया।

आगामी पांच वर्षों में प्रमुख क्रॉस कंट्री पाइपलाइन परियोजनाओं – ऊर्जा गंगा परियोजना, कोच्चि–कूट्टनाद–बेंगलुरू–मेंगलुरू, इंद्रधनुष पूर्वोत्तर गैस ग्रिड (संयुक्त उद्यम माध्यम) एवं राष्ट्रीय गैस ग्रिड (एनजीजी) के अंतर्गत परिकल्पित आपूर्ति एवं मांग केन्द्रों को जोड़ने वाली अन्य महत्त्वपूर्ण पाइपलाइनों पर 45,000 करोड़ रुपए के निवेश की परिकल्पना है। इस प्रयास के अंश के रूप में आपकी कंपनी को हाल ही में पीएनजीआरबी द्वारा संचालित बोली प्रक्रिया में 600 किलोमीटर लंबी श्रीकाकुलम–अंगुल प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाने के लिए प्राधिकृत किया गया है। राष्ट्रीय गैस ग्रिड (एनजीजी) में इस शाखा के एक महत्त्वपूर्ण खंड होने का अनुमान है और यह आपकी कंपनी के प्राकृतिक गैस बाजार कवरेज को पूर्वी तट पर फैलाएगी।

## पेट्रोकेमिकल क्षेत्र का लाभ

मुझे आपको यह सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि आपकी कंपनी के निदेशक मंडल ने उसार, महाराष्ट्र में कंपनी की मौजूदा परिसंपत्ति तथा एलपीजी प्लांट परिसर को 8800 करोड़ रुपए के निवेश द्वारा इसे 500 केटीए पॉलीप्रोपेलीन (पीपी) परिसर में परिवर्तित कर इसका उपयोग किए जाने को अनुमोदित कर दिया है। यह भारत में अपनी तरह की पहली परियोजना है जो प्रोपेलीन उत्पादन के लिए प्रोपेन डीहाइड्रोजेनरेशन तकनीक का प्रयोग करेगी जो एक डाउनस्ट्रीम पॉलीप्रोपेलीन (पीपी) इकाई से जुड़ी होगी। इसके अलावा, गेल के निदेशक मंडल ने पाता में मौजूदा पेट्रोकेमिकल प्रसुविधा में 60 केटीए पीपी इकाई स्थापित करने को अनुमोदन दिया है। मौजूदा पॉलीएथीलीन ग्रेड पोर्टफोलियो में पॉलीप्रोपेलीन उत्पादों को जोड़ना घरेलू बाजार में आपकी कंपनी की विपणन उपस्थिति को और मजबूत करेगी।

## शहर गैस वितरण में विस्तार

गेल छः भौगोलिक क्षेत्रों में प्रत्यक्ष रूप से प्रचालन करने के साथ ही देश भर में स्वच्छ ऊर्जा ईंधन तथा प्राकृतिक गैस के उपयोग के विस्तार हेतु शहर गैस वितरण के क्षेत्र में अनुषंगी तथा संयुक्त उद्यम कंपनियों के माध्यम से अपनी खुदरा उपस्थिति को भी सुदृढ़ कर रहा है। सीएनजी स्टेशनों के प्रचालन में आपकी कंपनी का मार्केट शेयर 65% से अधिक है। गत वित्त वर्ष के दौरान, शहर गैस वितरण (सीजीडी) में कार्यरत आपकी कंपनी की अनुषंगी और संयुक्त उद्यम कंपनियों को 9वें और 10वें बोली चक्र की प्रतियोगी बोली के माध्यंम से विनियामक बोर्ड, पीएनजीआरबी द्वारा कुल 228 भौगोलिक क्षेत्रों में से 23 भौगोलिक क्षेत्र (जीएएस) प्रदान किए गए हैं, जोकि लगभग 27% उपस्थिति दर्शाती है तथा सीजीडी क्षेत्र में संपूर्ण प्राकृतिक गैस का 57% से अधिक का विपणन है।

सीजीडी के माध्यम से प्राकृतिक गैस के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए सरकार के मिशन के अनुरूप आपकी कंपनी ने पश्चिम बंगाल सरकार के साथ मिलकर बंगाल गैस जेवी आरंभ किया है। इसके अतिरिक्त, भारत सरकार की लुक ईस्ट डेवलपमेंट पॉलिसी के अंतर्गत पूर्वोत्तर क्षेत्र में देशव्यापी पाइपलाइन जेवी, इंद्रधनुष शहर गैस वितरण के विस्तार की कारक है। वित्त् वर्ष 2018-19 के दौरान पाइपलाइन तथा कैसकेड के माध्यम से वाराणसी, भुबनेश्वर, कटक तथा पटना में प्राकृतिक गैस की आपूर्ति आरंभ हो गई है। इसके अतिरिक्त आपकी कंपनी ने भारत में पहली बार भुबनेश्वर सीजीडी में प्रचालन के एल–सीएनजी मोड के माध्यम से आपूर्ति प्रारंभ की है। हमारा अनुमान है कि चालू वर्ष में रांची, जमशेदपुर तथा कोलकाता में शहर गैस वितरण आरंभ हो जाएगी।

## पारदर्शिता और नियंत्रण को बनाए रखना

आपकी कंपनी सभी स्टेक धारकों में दृढ़ विश्वास उत्पन्न करने में विश्वास रखती है। यह उन्हें पारदर्शी, उत्तरदायी और कुशल सेवाएं प्रदान करने के लिए दृढ़ संकल्प है। आपकी कंपनी विशेष रूप से संचरण खंड में बाजार और उपभोक्ता आकांक्षाओं में संतुलन बनाए रखने के लिए प्रौद्योगिकी से लाभान्वित हुई है और ओपन एक्सेस के अंतर्गत प्राकृतिक गैस पाईपलाइन क्षमता बुकिंग के ऑनलाइन

पोर्टल को लॉन्च किया है। उत्साहजनक प्रतिक्रिया का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि आपकी कंपनी ने पोर्टल के माध्यम से वित्त वर्ष 2018-19 के दौरान 1000 कैपेसिटी ट्रांशे (सीटी) अनुरोधों पर सफलतापूर्वक कार्रवाई की है। यह देश में किसी भी गैस ट्रांसपोर्टर द्वारा लागू किया गया पहला ऐसा ओपन एक्सेस पोर्टल है और ग्राहकों तथा स्टेकधारकों द्वारा इस पहल की सराहना की गई है।

आपकी कंपनी नैतिक नियंत्रण प्रथाओं के उच्चतम मानकों का प्रदर्शन करती रही है। मुझे आपके साथ साझा करने में गर्व महसूस हो रहा है कि वर्ष 2018-19 हेतु गेल को 10वें वर्ष में भी सीएजी से 'शून्य' टिप्पणी प्राप्त हुई है।

अभिशासन नैतिक व्यावसायिक प्रथाओं का पालन करने और सदृढ़ आंतरिक प्रक्रियाओं, नियमों और विनियमों के माध्यम से दिन-प्रतिदिन के मामलों को अभिशासित करने में निहित है।

आंतरिक प्रक्रियाओं एवं प्रणालियों पर विनियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए निगमित स्तरीय जोखिम मार्गदर्शन समिति तथा जोखिम प्रबंधन समिति का गठन किया गया है ताकि कंपनी प्रचालन वातावरण में विभिन्न जोखिमों की पहचान, मूल्यांकन तथा उनकी मात्रा से अवगत हुआ जा सके। ये समितियां जोखिम प्रबंधन नीति के अंतर्गत जोखिम न्यूनीकरण के भी उपाय करेंगी। लेखांकन उप समिति एवं निदेशक मंडल को आवधिक आधार पर जोखिम एवं न्यूनीकरण के उपायों के बारे में अवगत कराया जाएगा।

आपकी कंपनी स्टेकधारकों के साथ विश्वास, सत्यानिष्ठा तथा उत्तरदायित्व पूर्ण सक्रिय संबंध बनाए रखती है। मुझे आपसे साझा करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि लगातार द्वितीय वर्ष आपकी कंपनी को FTSE4 Good Emerging Market Index में शामिल किया गया है। यह, निवेशकों हेतु अग्रणी मार्कर है जोकि सशक्त पर्यावरण प्रबंधन, सामाजिक एवं नियंत्रण (ESG) के आधार पर कंपनियों को इंगित करता है।

आदर्श नियंत्रण के प्रतीक स्वरूप आपकी कंपनी ने गत वित्त वर्ष में सूचना का अधिकार संबंधी सभी आवेदनों का पूर्णतः निपटान किया है तथा आपकी कंपनी के सतर्कता विभाग ने अपने संसाधनों के प्रभावी उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए प्रक्रिया सुधार संबंधी कार्य किए हैं।

महिला सशक्तिकरण एवं कार्यस्थल पर सुरक्षा आपकी महारत्न कंपनी के रूप में कंपनी हेतु सर्वोपरि है। आपकी कंपनी में विचाराधीन वर्ष में कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न की कोई भी शिकायत नहीं प्राप्त हुई है।

## सतत प्रथाओं को बढ़ावा

आपकी कंपनी अपने प्रचालन क्षेत्र के चतुर्दिक हाशिए पर स्थित सामाजिक वर्गों की देखभाल एवं अवसरों के सृजन के प्रति दृढ़ प्रतिज्ञ है और उनका पालन भी करता है। आपकी कंपनी ने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व पहलों में भारी निवेश किया है और 3.1 मिलियन हाशिए पर स्थित लोगों पर परिवर्तनकारी प्रभाव डाला है। हमारे निगमित सामाजिक दायित्व कार्यक्रम फ्रेमवर्क 2018-22 हेतु भारत सरकार एवं संयुक्त राष्ट्र के महत्वपूर्ण प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अंतर्गत चिह्नित कार्यक्रमों के चतुर्दिक प्रचालनरत है। सतत विकास फ्रेमवर्क वर्ष 2018-2022 में प्रचालनरत हैं। वित्त वर्ष 2018-19 में सीएसआर व्यय बढ़ कर पिछले तीन वर्षों के औसत लाभ का 2.74% हो गया जोकि सरकार के आदेश से अधिक है।

वायु प्रदूषण से संघर्ष और स्वच्छ पर्यावरण में योगदान के लिए प्राकृतिक गैस की भूमिका के प्रचार हेतु गेल ने युवाओं और जन सामान्य को अपने साथ जोड़ा है। स्वच्छ हवा के लिए जन जागरूकता अभियान "हवा बदलो" ने वृहद आकार ले लिया है और इसकी पहुंच 60 मिलियन लोगों तक हो गई हैं। इसे इकोनामिक टाइम्स के "कैलिडो अवार्ड 2019" के अंतर्गत पब्लिक/सरकारी एजेंसियों के अभियान वर्ग में सर्वश्रेष्ठ अभियानों में से एक के रूप में मान्यता प्रदान की गई है।

## रणनीतिक तैयारी

हाल ही में, आपकी कंपनी के निदेशक मण्डल ने आने वाले वर्षों में कंपनी के प्रगति पथ को निर्धारित करने के लिए "रणनीति 2030" और उसके साथ नए विज़न और मिशन विवरण को अनुमोदित किया है। गेल अपने कोर व्यवसाय प्राकृतिक गैस संचरण, ट्रेडिंग और पेट्रोकेमिकल्स व्यवसाय को आगे बढ़ाने में अपना ध्यान केन्द्रित रखेगा और साथ ही नवीकरणीय ऊर्जा तथा ऊर्जा परिदृश्य के आसपास मौजूद अनुपूरक प्रौद्योगिकियों के अन्य क्षेत्र में प्रवेश हेतु ट्रिगर आधारित अवसरों का





**डॉ. आशुतोष कर्नाटक, सीएमडी एवं निदेशक (परियोजना), ने श्री पी के गुप्ता, निदेशक (मानव संसाधन), श्री गजेन्द्र सिंह, निदेशक (विपणन), श्री मनोज जैन, निदेशक (व्यापार विकास), श्रीमती सुचित्रा शर्मा, सीवीओ, गेल एवं श्री बी. सी. त्रिपाठी, पूर्व सीएमडी, के साथ वायु प्रदूषण के विरुद्ध जागरूकता पैदा करने हेतु ''हवा बदलें हम'' अभियान को हरी झंडी दिखाई**

मूल्यांकन करेगा जिसमें भविष्य के प्रगति के नए द्वार खोलने की बहुत संभावनाएं हैं।

## आभार

मैं कंपनी की प्रगति में महत्व पूर्ण समर्थन देने के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड, केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी विभाग, हमारे महत्वपूर्ण ग्राहक, स्टेकहोल्डर्स, कार्मिकगण एवं अन्य एजेंसियों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करता हूं जो आपकी कंपनी के विकास पथ में सहायक रहे हैं। मैं दिनांक 31.07.2019 तक अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक रूप में अपनी सेवाएं देने और सेवानिवृत्त हुए श्री बी.सी. त्रिपाठी को भी आपकी कंपनी को नेतृत्व प्रदान करने और स्थायित्व के साथ प्रगति पथ पर आगे ले जाने के लिए धन्यवाद देता हूं। मैं दशकों से कंपनी को अपना समर्थन देने, निवेश करने और कंपनी के प्रबंधन के प्रति पुनः अपना विश्वास व्यक्त करने के लिए आपके प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। आपके साथ एक नई शुरुआत करते हुए मुझे आशा ही नहीं पूरा विश्वास है कि आप आने वाले वर्षों में भी इसी प्रकार अपना निरंतर अडिग समर्थन प्रदान करते रहेंगे।

देवियों और सज्जनों आपका धन्यवाद।



**डॉ आशुतोष कर्नाटक**
अध्यक्ष एवं प्रबंधक निदेशक

***टिप्पणी*** *: नई दिल्ली में दिनांक 20 अगस्त, 2019 को आयोजित 35वीं आम सभा में दिए गए अध्यक्ष के भाषण का उद्धरण। यह वार्षिक आम बैठक की कार्यवाही का रिकार्ड नहीं है।*

GAIL (India) Limited

Regd. Off. : 16, Bhikaiji Cama Place, R.K. Puram, New Delhi-110066
Website : www.gailonline.com
Corporate Identification No.: L40200DL1984GOI018976